नशा मुक्त भारत अभियान

विषय – नशीले पदार्थो के दुष्प्रभावों के विषय में जागरूकता संबंधी

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश एवं मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन एवं उर्वरक भारत सरकार के निर्देशानुसार "नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विविध सामाजिक कार्यक्रम जागरूकता फैलाने के मूल भावना के अंतर्गत विश्वविद्यालय में छात्रों के मध्य आयोजित किए गए। इसी क्रम में सर्वप्रथम दिनांक 20 अप्रैल 2025 को विश्वविद्यालय के सभागार में नशा–मुक्ति पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें "नशा मुक्त भारत अभियान" के बारे में डॉ. शैलजा त्रिवेदी, योग एवं मानव चेतना विभाग ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया और उपस्थित श्रोताओं को कितने तरह का नशा होता है तथा इनसे कौन–कौन सी हानियाँ होती हैं; इस बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया और विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को जागरूकता फैलाने का संदेश भी दिया। विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने इस महत्वपूर्ण जानकारी का लाभ उठाया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री शैलेन्द्र जैन उपस्थित रहें तथा कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नीलम सिंह, प्रभारी, योग एवं मानव चेतना विभाग रही।

इसी क्रम में दिनांक 20 जून 2025 को विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के विषय में बताते हुए जागरूकता फैलाई गई तथा सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि वे अपने जीवन में कभी किसी प्रकार का व्यसन नहीं करेंगे। आजीवन इन व्यसनों से दूर रहेंगे तथा अन्य लोगों को भी इस विषय में जागरूक करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन योग विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम सिंह, प्रभारी, योग एवं मानव चेतना विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से माननीय कुलगुरु प्रो. खेमसिंह डहेरिया तथा कुलसचिव श्री शैलेन्द्र कुमार जैन, विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

दिनांक 15 जुलाई 2025 को चित्रकला विभाग के द्वारा विश्वविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभाग के सभी विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया तथा विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाकर नशे के विरूद्ध संदेश प्रसारित किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सोनी के द्वारा किया गया तथा डॉ. वंदना शर्मा के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता संपन्न की गई।

इसी क्रम में दिनांक 20 सितंबर 2025 को नशामुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन गोद ग्राम मुगालिया कोट में किया गया जिसमें नाट्यकला विभाग के विद्यार्थियों मोहित कुमार सोनी, कर्मवीर सिंह राजपूत, मनमोहन आदि विद्यार्थियों के द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जिसमें अभिनय प्रदर्शन के द्वारा नशे के दुष्प्रभावों का शरीर पर तथा समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का उत्कृष्ट अभिनय किया गया तथा बहुत ही सरल तरीके से ग्रामीणों को पथ नाट्य द्वारा अपनी बात समझाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर एनएसएस समन्वयक श्री सौरभ खरे और नाट्यकला प्रभारी डॉ. रविन्द्र मुंढे उपस्थित रहें। ग्रामवासियों ने नाटक के संदेश को सराहते हुए सामाजिक सुधार हेतु विश्वविद्यालय के प्रयासों की प्रशंसाकी।

दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को विश्वविद्यालय के सभी विभाग प्रभारियों को संकल्प–पत्र का वितरण किया गया तथा उनसे आग्रह किया गया कि वे अपने–अपने विभाग के विद्यार्थियों से नशे के विरोध में संकल्प पत्र भरवाए जिससे सभी विद्यार्थी प्रेरणा लें तथा अपने जीवन में नशे से संबंधित किसी भी पदार्थ से दूर रहे ताकि केंद्रीय व राज्य सरकार द्वारा संचालित "नशा–मुक्त भारत अभियान" सफल और सार्थक हो।

दिनांक 07 नवंबर 2025 को विद्यार्थी इन व्यसनों से दूर रहकर श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण करे। इस हेतु योग विभाग द्वारा विद्यार्थियों को आसनों तथा ध्यान का नियमित अभ्यास कराया जाता है। चूँकि आसनों के नियमित अभ्यास से शरीर सुदृढ़ होता है, ध्यान के अभ्यास से मानसिक स्थिरता बढ़ती है एवं एकाग्रता में वृद्धि होती है जिससे विद्यार्थी अपने जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करते हैं। इसी मनोभावना से विशेष रूप से 'त्राटक' का अभ्यास कराया गया।

दिनांक 11 नवंबर 2025 को योग विभाग के विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में नशा–मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न पोस्टर्स के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों तथा विद्यार्थियों ने सहभागिता की कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम सिंह के द्वारा किया गया तथा डॉ. शैलजा त्रिवेदी एवं डॉ. पूनम सिमैया ने मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की सफलता पर माननीय प्रो. देव आनंद हिण्डोलिया, कुलगुरु, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल एवं कुलसचिव श्री शैलेन्द्र कुमार जैन ने सभी विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों को भी बधाई दी।